This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

# राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

बुधवार, 15 अक्तूबर, 2025 / 23 आश्विन, 1947

हिमाचल प्रदेश सरकार

पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग

अधिसूचना

शिमला–171002, 15 अक्तूबर, 2025

**संख्याः टी.एस.एम–एफ(6) 1/2015–III-एल.**––भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 ( जिसे इसके पष्चात् उक्त नियम कहा गया है) की धारा 7

के अधीन, जिला कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण से सम्बद्व भूमि अर्जन से सम्बधित विषेषज्ञ समूह द्वारा तारीख 05–06–2023 को सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिसके द्वारा जिला कांगड़ा के 14 गाँवों (तहसील काँगड़ा के 10 गांवों और तहसील शाहपुर के 04 गांवों) में अपेक्षित कुल 122–54–86 हैक्टेयर भूमि की आवश्यकता थी।

और 26–08–49 अतिरिक्त भूमि, जो कि सरकारी भूमि है, का अर्जन किया जाना अपेक्षित है, जिसके लिए समुचित सरकार द्वारा धारा 11 के अधीन अधिसूचना जारी किया जाना आवश्यक है।

और उक्त अधिनियम की धारा 14 के उपबन्धों के अनुसार, यदि धारा 11 के अधीन प्रारंभिक अधिसूचना विषेषज्ञ समूह द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट को आंकने की तारीख से बारह मास के भीतर जारी नहीं की जाती है, तो ऐसी रिपोर्ट व्यपगत समझी जाएगी। परन्तु और यह कि समुचित सरकार, को यदि उसकी राय में ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं, जो उसे न्यायोचित ठहराती हैं को चौबीस मास की अवधि बढ़ाने की शक्ति होगी।

और अपरिहार्य प्रषासनिक कारणों से नियत अवधि के भीतर उक्त अधिनियम की धारा 11 के अधीन अधिसूचना नहीं की जा सकी।

अतः हिमाचल प्रदेष के राज्यपाल, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भूमि अर्जन कार्यवाहियों के लिए उक्त अधिनियम की धारा 11 के अधीन अधिसूचना जारी करने की अवधि को एतद् द्वारा और चौबीस मास की अवधि अर्थात् तारीख 03–06–2026 तक बढ़ाते हैं।

आदेश द्वारा,
देवेश कुमार,
प्रधान सचिव (पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन)।

————

*(Authoritative English Text of this Department Notification No. TSM-F(6)-1/2015-III-L dated 15-10-2025 as required under clause (3) of Article 348 of the constitution of India.)*

**TOURISM & CIVIL AVIATION DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-02, 15th October, 2025*

**No.TSM-F(6)-1/2015-III-L.**—Whereas, under section 7 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (hereinafter referred to as the said Act), the Social Impact Assessment Report was submitted under section 7 of the said Act by the expert group on dated 05-06-2023 regarding Acquisition for land pertaining to the Expansion of Gaggal Airport, District Kangra by which a total of 122-54-86 hectares land was required in the 14 villages (10 Villages of Tehsil Kangra and 04 Villages of Tehsil Shahpur) of District Kangra.

And whereas, additional land measuring 26-08-49, Government Land required for acquisition for which notification under section 11 is required to be issued by the appropriate Government.

And whereas, as per the provisions of section 14 of the said Act, where a preliminary notification under section 11 is not issued within twelve months from the date of the appraisal of social impact assessment report by the expert group, the report shall be deemed to have lapsed, provided further that appropriate Government shall have power to extend the period of 24 months if in its opinion circumstances exists justifying the same.

And whereas, the notification under section 11 of the said Act could not be made within the stipulated period due to unavoidable administrative reasons.

Now, therefore, in exercise of powers conferred under Section 14 of the RFCTLARR Act, 2013, the Governor of Himachal Pradesh hereby extends the period for issuing the notification under section 11 of the said Act for land acquisition proceedings by a further period of Twenty Four months, *i.e.*, upto 03-06-2026.

By order

DEVESH KUMAR
*Pr. Secretary (Tourism & CA).*

---

**Before the Sub-Divisional Magistrate Dheera, exercising the Powers of Marriage Officer Dheera, Distt. Kangra (H.P.)**

In case:

Sunny Dev and Pooja Chauhan

*Versus*

General Public

*Application under section 16 of the Special Marriage Act, 1954, for the Registration of Marriage.*

An application under section 16 of the Special Marriage Act, 1954 has been received by the undersigned from Shri Sunny Dev s/o Sh. Kishori Lal, r/o Village & P.O. Gaggal Kholi, Tehsil Dheera, District Kangra (H.P.) and Pooja Chauhan d/o Sh. Deenanath Chauhan, r/o V.P.O. Batulahi, Tehsil & District Deoria, Uttar Pradesh. That they have solemnized their marriage on dated 18-04-2024 at V.P.O Gagal Kholi, Tehsil Dheera, District Kangra (H.P.) as per Hindi Rites and customs and living as husband and wife since then. If there is any objection to the registration of this marriage, the objection in person or through counsel be submitted to this office on or before 12-11-2025 otherwise the marriage will be registered.

Seal. Sd/-

*Marriage Officer*-cum-*SDM,*
*Dheera, District Kangra (H.P.).*

---

**In the Court of Assistant Collector-cum-Naib Tehsildar, Jawalamukhi, Distt. Kangra (H.P.) 176031**

In the matter of :

1. Sh. Braham Dass s/o Sh. Tikhu s/o Sh. Rama, r/o Village Kotla, P.O. Kohala, Tehsil Jawalamukhi, Distt. Kangra, H.P. ..*Applicant.*

*Versus*

General Public .. *Respondent.*

*Subject.—Application of correction of name under Section 37(2) of Land Revenue Act, 1954.*

**NOTICE**

Whereas, Sh. Braham Dass s/o Sh. Tikhu s/o Sh. Rama, r/o Village Kotla, P.O. Kohala, Tehsil Jawalamukhi, Distt. Kangra, H.P., has submitted an application under section 37(2) of The Land Revenue Act, 1954 alongwith all supportive documents such as affidavit, Aadhar Card, PAN Card, Parivar Nakal. School Leaving Certificate and Jamabandi Parcha in the court of undersigned.

Wherein he stated that, he belongs to above mentioned address. His name is written as Brahmu in the land/revenue record of Mohal Kotla, Mauza Kohala which is wrong. His original/Correct name is "Braham Dass". Therefore, he request to correct his name as "Braham Dass" instead of Brahmu in the revenue record of Mohal Kotla, Mauza Kohala, Tehsil Jawalamukhi, as per supportive documents enclosed by him with the application file.

Therefore, through this proclamation in gazette/leading newspaper, the general public is hereby informed that if any person having any objection for entry of correction in the name of applicant mentioned above may submit his/her objection in writing to this court before 07-11-2025 No objection will be entertained after prescribed period and application will be decided accordingly..

Given under my hand and seal of the Court on dated 27-09-25.

Seal. Sd/-
*Assistant Collector 2nd Grade,*
*Tehsil Jawalamukhi, Distt. Kangra H.P.*

---

**In the Court of Sh. Ravinder Singh Sisodiya, Assistant Collector 2nd Grade, Paonta Sahib, District Sirmaur, Himachal Pradesh**

In the matter of :

Diggvijay Y Thakur s/o Sh. Yogeshwar Singh Thakur, r/o H. No. 175/5, Ward No. 5, Yamuna Vihar, Tehsil Paonta Sahib, District Sirmaur, Himachal Pradesh . . *Applicant.*

*Versus*

General Public . . *Respondent.*

*Subject.—Application for updation of name of applicant's daughter from Yashwitha Thakur to Yashitha Thakur.*

Whereas, Diggvijay Y Thakur s/o Sh. Yogeshwar Singh Thakur, r/o H. No. 175/5, Ward No. 5, Yamuna Vihar, Tehsil Paonta Sahib, District Sirmaur (H.P.) has filed an application

alongwith copy of an affidavit in the court of the undersigned for updation of his daughter's name as Yashitha Thakur in place of Yashwitha Thakur d/o Sh. Diggvijay Y Thakur in her all relevant documents.

Now, therefore, objections are invited from the general public that if anyone has any objection regarding updation of name of applicant as Yashitha Thakur in place of Yashwitha Thakur d/o Diggvijay Y Thakur in her all relevant documents then they should appear before the court of undersigned on or before 01-11-2025 either personally or through their authorized agent.

In the event of their failure to do so, it would be deemed that there are no objections and order shall be passed *ex-parte* without affording any further opportunity of being heard.

Issued under my hand and seal of the court on this 01-10-2025.

Sd/-

Seal.

RAVINDER SINGH SISODIYA,
*Naib Tehsildar*-cum-*Executive Magistrate*,
*Paonta Sahib, District Sirmaur (H.P.).*

---

**ब अदालत व कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील पुखरी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 52/2025 ना0 तह0 वाचक उप–तहसील पुखरी/2025/756 तारीख दायर : 01–10–2025

कमलेश कुमार पुत्र श्री पुन्नू उर्फ पुन्नू राम, गांव बेही बाग, परगना त्रयोदी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश . . वादी।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

विषय.——राजस्व कागजात माल में नाम दुरुस्ती करने बारे प्रार्थना–पत्र।

कमलेश कुमार पुत्र श्री पुन्नू उर्फ पुन्नू राम, गांव बेही बाग, परगना त्रयोदी, उप–तहसील पुखरी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश ने एक आवेदन–पत्र व ब्यान हल्फी पेश किया है कि मेरा नाम आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर नकल में कमलेश कुमार पुत्र श्री पुन्नू उर्फ पुन्नू राम दर्ज है जो बिलकुल सही व दुरुस्त है परन्तु राजस्व अभिलेख महाल व पटवार वृत्त प्राहनवीं, मुहाल डूलाहर में मेरा नाम कमलेश पुत्र श्री पुन्नू उर्फ पुन्नू राम दर्ज है जोकि गलत है।

अतः प्रार्थी का ब्यान हल्फी स्वीकार करते हुए इस इश्तहार/मुस्त्री मुनादी व चस्पांगी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के नाम का इन्द्राज करने बारा किसी प्रकार का कोई उजर एवं एतराज हो तो वह असालतन व वकालतन इस इश्तहार के प्रकाशन की तिथि उपरान्त एक माह के भीतर अपना उजर एवं एतराज पेश कर सकते हैं। बाद तारीख किसी किस्म का उजर एवं

एतराज नहीं सुना जाएगा व उक्त प्रार्थी का नाम मुहाल डूलाहर, पटवार वृत्त प्राहनवीं में कमलेश पुत्र श्री पुन्नू उर्फ पुन्नू राम की जगह कमलेश कुमार पुत्र श्री पुन्नू उर्फ पुन्नू राम दर्ज करने के आदेश पटवारी, पटवार वृत्त प्राहनवीं को पारित कर दिए जाएंगे।

यह इश्तहार हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 01–10–2025 को जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील पुखरी, जिला चम्बा (हि0प्र0)।

---

**ब अदालत श्री कुशल सिंह, नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 47 ना0 तह0 वाचक उप–तहसील तेलका / 2025 / 759–60 दिनांक : 04–10–2025

बृज लाल पुत्र सुखदेव, गांव मोहण, परगना जुंड, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश . . वादी।

बनाम

आम जनता, ग्राम पंचायत भजोत्रा . . प्रतिवादी।

विषय.——राजस्व कागजात माल में नाम दुरुस्ती करने बारे प्रार्थना–पत्र।

बृज लाल पुत्र सुखदेव, गांव मोहण, परगना जुंड, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा ने इस अदालत में एक आवेदन–पत्र व ब्यान हल्फी पेश किया है कि उनके बुजुर्गान का नाम मुहाल बिन्दी, तहसील बनी, जिला कठुआ, जम्मू में मुरतू दर्ज है परन्तु राजस्व अभिलेख महाल सगोटी, पटवार वृत्त बाड़का, उप–तहसील तेलका के रिकार्ड में नाम अनतू दर्ज है जिसे सायल सही व दुरुस्त दर्ज करवाना चाहता है।

अतः प्रार्थी का ब्यान हल्फी स्वीकार करते हुए इस इश्तहार / मुस्त्री मुनादी व चस्पांगी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के बुजुर्गान मुरतू का नाम इन्द्राज करने बारा किसी प्रकार का कोई उजर एवं एतराज हो तो वह असालतन व वकालतन इस इश्तहार के प्रकाशन की तिथि उपरान्त एक माह के भीतर अपना उजर एवं एतराज पेश कर सकते हैं। बाद तारीख किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जाएगा व उक्त प्रार्थी के बुजुर्गान का नाम अनतू की बजाए अनतू उर्फ मुरतू दर्ज करने के आदेश पटवारी, पटवार वृत्त बाड़का को पारित कर दिए जाएंगे।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 04–10–2025 को जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा (हि0प्र0)।

---

**ब अदालत श्री कुशल सिंह, नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 55 ना0 तह0 / वाचक / उप तह0 / तेलका / 2025–756–57 दिनांक : 03–10–2025

मेहर सिंह पुत्र ब्यास देव, गांव व डाकघर लिग्गा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश . . वादी।

बनाम

आम जनता एवं ग्राम पंचायत लिग्गा, विकास खण्ड सलूणी .. प्रतिवादी।

विषय.——जन्म तिथि प्रविष्ट करने बारा।

इस अदालत में प्राप्त दस्तावेज क्रमशः 1. जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा के कार्यालय पत्र संख्या : HFW-B&D/CMO-CBA/2025-20569 Dated 25-09-2025, 2. शपथ–पत्र, 3. जन्म रिपोर्ट, 4. अप्रायप्ता प्रमाण–पत्र, 5. आधार कार्ड, 6. परिवार नकल, जिसमें आवेदक मेहर सिंह पुत्र ब्यास देव, गांव व डाकघर लिग्गा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश की जन्म तिथि किन्हीं कारणों से पंचायत अभिलेख में दर्ज करने से रह गई है। परिणामस्वरूप पंचायत जन्म पंजीकरण रजिस्टर में आवेदक मेहर सिंह का नाम एवं जन्म दर्ज न हुआ है जो नियमानुसार अनिवार्य है। इस विषय की पुष्टि शपथ–पत्र व जारी जन्म रिपोर्ट जो जिला पंजीकरण जन्म एवं मृत्यु अधिकारी चम्बा ने अपने प्रमाण–पत्र जो दिनांक 25–09–2025 को जारी हुआ है उसमें की है।

अतः सर्वसाधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेहर सिंह पुत्र ब्यास देव, गांव व डाकघर लिग्गा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा की जन्म तिथि 28–07–1965 जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 13(3) के प्रावधानों के अन्तर्गत पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख अथवा जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) द्वारा अभिलेख दर्ज करने के आदेश पारित किये जाने हैं। अगर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस अदालत में नोटिस (इश्तहार) के एक माह के भीतर सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपत्ति न आने की सूरत में आवेदक मेहर सिंह पुत्र ब्यास देव, गांव व डाकघर लिग्गा की जन्म तिथि सम्बन्धित अभिलेख में दर्ज करने के आदेश ग्राम पंचायत सचिव लिग्गा को पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 03–10–2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत सहित जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा (हि0प्र0)।

——————

**ब अदालत श्री कुशल सिंह, नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 57 ना0 तह0 / वाचक / उप तह0 / तेलका / 2025–754–55 दिनांक : 03–10–2025

पवन कुमार पुत्र बलदेव राम, गांव लदवाह, डाकघर लिग्गा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश .. वादी।

बनाम

आम जनता एवं ग्राम पंचायत लिग्गा, विकास खण्ड सलूणी .. प्रतिवादी।

विषय.——जन्म तिथि प्रविष्ट करने बारा।

इस अदालत में प्राप्त दस्तावेज क्रमशः 1. जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) मुख्य चिकित्सा अधिकारीचम्बा के कार्यालय पत्र संख्या : HFW-B&D/CMO-CBA/2025-20572 Dated 25-09-2025,

2. शपथ–पत्र, 3. जन्म रिपोर्ट, 4. अप्रायप्ता प्रमाण–पत्र, 5. आधार कार्ड, 6. परिवार नकल, 7. विद्यालय त्याग प्रमाण–पत्र जिसमें आवेदक पवन कुमार पुत्र बलदेव राम, गांव लदवाह, डाकघर लिग्गा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश की जन्म तिथि किन्हीं कारणों से पंचायत अभिलेख में दर्ज करने से रह गई है। परिणामस्वरूप पंचायत जन्म पंजीकरण रजिस्टर में आवेदक पवन कुमार का नाम एवं जन्म दर्ज न हुआ है जो नियमानुसार अनिवार्य है। इस विषय की पुष्टि शपथ–पत्र व जारी जन्म रिपोर्ट जो जिला पंजीकरण जन्म एवं मृत्यु अधिकारी चम्बा ने अपने प्रमाण–पत्र जो दिनांक 25–09–2025 को जारी हुआ है उसमें की है।

अतः सर्वसाधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पवन कुमार पुत्र बलदेव राम, गांव लदवाह, डाकघर लिग्गा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा की जन्म तिथि 03–04–1965 जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 13(3) के प्रावधानों के अन्तर्गत पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख अथवा जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) द्वारा अभिलेख दर्ज करने के आदेश पारित किये जाने हैं। अगर किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस अदालत में नोटिस (इश्तहार) के एक माह के भीतर सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपत्ति न आने की सूरत में आवेदक पवन कुमार पुत्र बलदेव राम, गांव लदवाह, डाकघर लिग्गा की जन्म तिथि सम्बन्धित अभिलेख में दर्ज करने के आदेश ग्राम पंचायत सचिव लिग्गा को पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 03–10–2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत सहित जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा (हि0प्र0)।

---

**ब अदालत श्री कुशल सिंह, नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 56 ना0 तह0 / वाचक / उप तह0 / तेलका / 2025–752–53 दिनांक : 03–10–2025

सुनील कुमार पुत्र श्रीधर, गांव अथेढ, डाकघर मौडा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश . . वादी।

बनाम

आम जनता एवं ग्राम पंचायत मौडा, विकास खण्ड सलूणी . . प्रतिवादी।

विषय.––मृत्यु तिथि प्रविष्ट करने बारा।

इस अदालत में प्राप्त दस्तावेज क्रमशः 1. जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा के कार्यालय पत्र संख्या : HFW-B&D/CMO-CBA/2025-15458 Dated 15-07-2025, 2. शपथ–पत्र, 3. मृत्यु रिपोर्ट, 4. अप्रायप्ता प्रमाण–पत्र, 5. आधार कार्ड, 6. प्रधान रिपोर्ट जिसमें आवेदक सुनील कुमार पुत्र श्रीधर, गांव अथेढ, डाकघर मौडा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश की दादी पठनी की मृत्यु तिथि किन्हीं कारणों से पंचायत अभिलेख में दर्ज करने से रह गई है। परिणामस्वरूप पंचायत मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में आवेदक सुनील कुमार की दादी पठनी की मृत्यु दर्ज न हुई है जो नियमानुसार अनिवार्य है। इस विषय की पुष्टि शपथ–पत्र व जारी मृत्यु रिपोर्ट जो जिला पंजीकरण जन्म एवं मृत्यु अधिकारी चम्बा ने अपने प्रमाण–पत्र जो दिनांक 15–07–2025 को जारी हुआ है उसमें की है।

अतः सर्वसाधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पठनी पत्नी चुहडू, निवासी गांव अथेढ, डाकघर मौडा, उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा की मृत्यु तिथि 02–09–2021 जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 13(3) के प्रावधानों के अन्तर्गत पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख अथवा जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) द्वारा अभिलेख दर्ज करने के आदेश पारित किये जाने हैं। अगर किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस अदालत में नोटिस (इश्तहार) के एक माह के भीतर सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपत्ति न आने की सूरत में पठनी पत्नी चुहडू, निवासी गांव अथेढ, डाकघर मौडा की मृत्यु तिथि सम्बन्धित अभिलेख में दर्ज करने के आदेश ग्राम पंचायत सचिव मौडा को पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 03–10–2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत सहित जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
नायब तहसीलदार व कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील तेलका, जिला चम्बा (हि0प्र0)।

———————

**ब अदालत उपमण्डल दण्डाधिकारी, उप–मण्डल सदर, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 0 / 2025 तारीख मजरूआ : 17–09–2025 तारीख पेशी : 04–11–2025

बरकत अली पुत्र श्री लाल हुसैन, निवासी गांव सन्दोआ, डाकघर कटौला, उप–तहसील कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) . वादीगण।

बनाम

आम जनता . प्रतिवादीगण।

इश्तहार मुश्त्री मुनादी / समाचार पत्र बाबत प्रार्थना–पत्र अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत मृत्यु तिथि दर्ज करने बारे।

उपरोक्त मुकद्दमा उनवानवाला में बरकत अली पुत्र श्री लाल हुसैन, निवासी गांव सन्दोआ, डाकघर कटौला, उप–तहसील कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) ने इस न्यायालय में एक आवेदन–पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की अधीन धारा 13 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है जिसमें वर्णित किया है कि उनका भतीजा साजिद अखतर पुत्र श्री सतार मुहम्द उम्र 12 वर्ष 19 अगस्त, 2022 को हुई भारी वर्षा के कारण बादल फटने से बागी खड्ड / नाला में अपने माता पिता व बहन के साथ बह गया था जिसमें से उसके अन्य परिवार के सदस्यों की लाश मिल गई थी परन्तु उनके भतीजे साजिद अखतर पुत्र श्री सतार मुहम्द उम्र 12 वर्ष की लाश अथक प्रयास करने के उपरान्त भी उसका कोई अता–पता न चल सका है तथा उनका ब्यान है कि उनका भतीजा साजिद पुत्र सतार मुहम्द की मृत्यु दिनांक 19 अगस्त, 2022 को भारी वर्षा के कारण बादल फटने बागी खड्ड / नाला में पानी में बहने के कारण हो चुकी है। इस आवेदन के माध्यम से प्रार्थी अपने भतीजे साजिद अखतर पुत्र श्री सतार मुहम्द उम्र 12, गांव सन्दोआ, डाकघर कटौला, उप–तहसील कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) की मृत्यु दिनांक 19 अगस्त 2022 को ग्राम पंचायत कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करवाना चाहता है।

उपरोक्त विचाराधीन मामले में प्रतिवादी आम जनता को इश्तहार समाचार पत्र व राजपत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रार्थी बरकत अली पुत्र श्री लाल हुसैन के भतीजे साजिद अखतर पुत्र श्री सतार मुहम्द उम्र 12 वर्ष, गांव सन्दोआ, डाकघर कटौला, उप–तहसील कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) की मृत्यु दिनांक 19 अगस्त, 2022 को ग्राम पंचायत कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज

करने बारे यदि कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 04—11—2025 को असालतन या वकालतन दोपहर 03.30 बजे मेरे न्यायालय में हाजिर आकर अपना पक्ष लिखित या मौखिक पेश कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01—10—2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित/—
(रूपिंदर कौर, भा0प्र0से0),
उप—मण्डल दण्डाधिकारी,
उप—मण्डल सदर, जिला मण्डी (हि0 प्र0)।

—————————

**ब अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, कटौला, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 73 मजरूआ : 01—09—2025 तारीख पेशी : 28—10—2025

मैं जै सिंह पुत्र गीरू, गांव बुंगा, डाकघर कमान्द, उप—तहसील कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

प्रार्थना—पत्र राजस्व रिकार्ड के मुहाल बुंगा में नाम दुरुस्त करवाने बारा इश्तहार राजपत्र व मुश्त्री मुनादी।

मैं जै सिंह पुत्र गीरू, गांव बुंगा, डाकघर कमान्द, उप—तहसील कटौला, जिला मण्डी (हि0प्र0) ने इस न्यायालय में प्रार्थना—पत्र गुजार कर निवेदन किया है कि मेरे पिता का नाम आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में जै सिंह नाम दर्ज है जबकि राजस्व रिकार्ड के मुहाल बुंगा में जै राम दर्ज है। जै सिंह व जै राम दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है तथा दोनों नामों से गांवों में जाना जाता है। मेरे पिता के अलग—अलग नाम दर्ज होने की बजह से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थी ने इस न्यायालय से प्रार्थना की है कि जै सिंह उपनाम जै राम दर्ज करने के लिखित आदेश पारित किए जावें।

प्रार्थना—पत्र में प्रार्थी के पिता का नाम दुरुस्त करने बारा आम जनता को इश्तहार राजपत्र व मुश्त्री मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को प्रार्थी के नाम जै सिंह उपनाम जै राम दर्ज करने बारा कोई उजर/एतराज हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 28—10—2025 को प्रातः 10.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष/एतराज पेश कर सकते हैं। समय पर हाजिर न आने की सूरत में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। इश्तहार की एक प्रति पटवार खाना भवन, सरगाह आम, पंचायत भवन में चस्पान की जावे।

यह इश्तहार आज दिनांक 24—09—2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित/—
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,

कटौला, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश।

—————————

**ब अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि0प्र0)**

केस नम्बर : 57 / एन0टी0 / 2025 तारीख पेशी : 28—10—2025

श्रीमती गीता देवी पुत्री श्री पंजू राम, निवासी गांव डह, डा0 चुरढ, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि0प्र0)।

बनाम

आम जनता

उनवान मुकद्दमा.—जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) के तहत जन्म तिथि के पंजीकरण हेतु।

श्रीमती गीता देवी पुत्री श्री पंजू राम, निवासी गांव डह, डा0 चुरढ, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि0प्र0) ने प्रार्थना—पत्र प्रस्तुत कर व्यक्त किया कि उसका जन्म 07—08—1965 को गांव डह, डा0 चुरढ, ग्राम पंचायत चमुखा में हुआ था किन्तु कारणवश जन्म तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत चमुखा के अभिलेख में दर्ज न हो सका है इसलिए जन्म तिथि का पंजीकरण करने के आदेश पारित किये जाएं।

यह प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 28—10—2025 को मुकाम सुन्दरनगर में निश्चित है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार / मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या पक्ष को इस जन्म पंजीकरण बारे कोई आपत्ति या एतराज हो तो वह 28—10—2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन आकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। गैरहाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाई अमल में लाई जाएगी तथा प्रार्थिया श्रीमती गीता देवी पुत्री श्री पंजू राम, निवासी गांव डह, डा0 चुरढ, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि0प्र0) की जन्म तिथि 07—08—1965 का पंजीकरण जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 13(3) के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चमुखा के अभिलेख में दर्ज करने के आदेश प्रदान कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 24—09—2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि0प्र0)।

———————

**ब अदालत श्रीमती तन्जिन डोलमा, सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग, कुमारसैन, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0प्र0)**

मिसल नं0 : 05 / 2025 तारीख संस्थापन : 18—09—2025

श्री संजय पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल, निवासी गांव साईसैर, डा0 कांगल, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता . . प्रत्यार्थी।

भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 37(1) के तहत राजस्व कागजात में नाम दुरुस्ती बारे दरख्वास्त।

श्री संजय पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल, निवासी गांव साईसैर, डा0 कांगल, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0प्र0) ने अदालत हजा में प्रार्थना–पत्र मय नकल जमाबन्दी साल 2022–23, नकल परिवार रजिस्टर, प्रतिलिपि आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा शपथ–पत्र सहित गुजार कर निवेदन किया है कि पटवार वृत्त कांगल (मोहाल मोगड़ा) के राजस्व रिकार्ड में अराजी खाता / खतौनी नं0 12 / 40 में उसका नाम दयालू पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल गलत दर्ज है, जबकि प्रार्थी के मुताबिक उसका नाम प्रस्तुत करवाए गए सबूतों के अनुरूप संजय पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल दर्ज है।

इस बाबत क्षेत्रीय अभिकरण से छानबीन करवाई गई। मुताबिक रिपोर्ट क्षेत्रीय कानूनगो, आवेदक का नाम पटवार वृत्त कांगल (मोहाल मोगड़ा) के राजस्व रिकार्ड में दयालू पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल दर्ज है। जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका नाम संजय पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल दर्ज है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि प्रार्थी का नाम पटवार वृत्त कांगल मोहाल मोगड़ा के राजस्व सम्पदा के अराजी खाता / खतौनी नं0 12 / 40 में दयालू पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल के स्थान पर संजय पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल दर्ज करवाने बारे किसी को कोई उजर / एतराज हो तो वह मिति 30–10–2025 को प्रातः 11.00 बजे तक अथवा इस तिथि से पूर्व किसी कार्य दिवस में असालतन / वकालतन हाजिर आकर अपना एजराज दर्ज करवा सकता है। अन्यथा इस तिथि तक कोई भी एतराज पेश न होने की सूरत में प्रार्थी का नाम कागजात माल में दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिए जावेंगे।

यह आदेश आज दिनांक 26–09–2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुए।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग,
तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0 प्र0)।

———————

**ब अदालत श्रीमती तन्जिन डोलमा, सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग, कुमारसैन, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0प्र0)**

मिसल नं0 : 04 / 2025 तारीख संस्थापन : 18–09–2025

श्रीमती माठी देवी पत्नी स्व0 श्री बृज लाल, निवासी गांव झूंजन, डा0 कांगल, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0प्र0) . . प्रार्थिया।

बनाम

आम जनता . . प्रत्यार्थी।

भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 37(1) के तहत राजस्व कागजात में नाम दुरुस्ती बारे दरख्वास्त।

श्रीमती माठी देवी पत्नी स्व0 श्री बृज लाल, निवासी गांव झूंजन, डा0 कांगल, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0प्र0) ने अदालत हजा में प्रार्थना–पत्र मय नकल जमाबन्दी साल 2018–19, नकल परिवार रजिस्टर, प्रतिलिपि आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा शपथ–पत्र सहित गुजार कर निवेदन किया है कि पटवार वृत्त कांगल (मोहाल झूंजन) के राजस्व रिकार्ड में अराजी खाता / खतौनी नं0 8 / 20 में उसका नाम मरची पत्नी स्व0 श्री बृज लाल गलत दर्ज है, जबकि प्रार्थिया के मुताबिक उसका नाम प्रस्तुत करवाए गए सबूतों के अनुरूप श्रीमती माठी देवी पत्नी स्व0 श्री बृज लाल दर्ज है।

इस बाबत क्षेत्रीय अभिकरण से छानबीन करवाई गई। मुताबिक रिपोर्ट क्षेत्रीय कानूनगो, आवेदिका का नाम पटवार वृत्त कांगल (मोहाल झूंजन) के राजस्व रिकार्ड में श्रीमती मरची पत्नी स्व0 श्री बृज लाल दर्ज है। जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका नाम श्रीमती माठी देवी पत्नी स्व0 श्री बृज लाल दर्ज है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि प्रार्थिया का नाम पटवार वृत्त कांगल मोहाल झूंजन के राजस्व सम्पदा के अराजी खाता / खतौनी नं0 8 / 20 में श्रीमती मरची पत्नी स्व0 श्री बृज लाल के स्थान पर श्रीमती माठी देवी उर्फ मरची पत्नी स्व0 श्री बृज लाल दर्ज करवाने बारे किसी को कोई उजर / एतराज हो तो वह मिति 30—10—2025 को प्रातः 11.00 बजे तक अथवा इस तिथि से पूर्व किसी कार्य दिवस में असालतन / वकालतन हाजिर आकर अपना एजराज दर्ज करवा सकता है। अन्यथा इस तिथि तक कोई भी एतराज पेश न होने की सूरत में प्रार्थिया का नाम कागजात माल में दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिए जावेंगे।

यह आदेश आज दिनांक 26—09—2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुए।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग,
तहसील कुमारसैन, जिला शिमला (हि0 प्र0)।

—————————

**ब अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, धामी, जिला शिमला (हि0प्र0)**

मुकद्दमा संख्या : 06 / 2025 तारीख मरजुआ : 01—09—2025 तारीख फैसला : 29—09—2025

श्री प्रवीण पवन पुत्र श्री कृष्ण दास, ग्राम न्यावली, मौजा बनौण, डाकघर जाबरी, उप—तहसील धामी, जिला शिमला (हि0प्र0)।

बनाम

आम जनता

प्रार्थना—पत्र नाम दुरुस्ती अन्तर्गत जेरे धारा 37(2) हि0प्र0 भू0 राजस्व अधिनियम, 1954.

प्रार्थी श्री प्रवीण पवन पुत्र श्री कृष्ण दास, ग्राम न्यावली, मौजा बनौण, डाकघर जाबरी, उप—तहसील धामी, जिला शिमला (हि0प्र0) द्वारा दिनांक 01—09—2025 को प्रार्थना—पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि भू—राजस्व अभिलेख मौजा बनौण में प्रार्थी का नाम पवन कुमार पुत्र कृष्ण दास दर्ज है जोकि गलत है। प्रार्थी के प्रार्थना—पत्र को छानबीन हेतु पटवारी हल्का बठमाणा को भेजा गया। पटवारी पटवार वृत्त बठमाणा से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक मौजा बनौण में प्रार्थी का नाम पवन कुमार पुत्र कृष्ण दास दर्ज है, जबकि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों, आधार कार्ड, ग्राम पंचायत बठमाणा जाबरी से जारी परिवार नकल, शपथ—पत्र, शैक्षणिक प्रमाण—पत्र तथा ब्यानात स्थानीय वाशिन्दगान के अनुसार प्रार्थी का नाम प्रवीण पवन है जो सही है। जिससे स्पष्ट होता है कि प्रवीण पवन व पवन कुमार एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर मौजा बनौण, पटवार वृत्त बठमाणा के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम प्रवीण पवन उर्फ पवन कुमार दर्ज किया जाना वाजिब है।

अतः इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी उपरोक्त मुकद्दमा नाम दुरुस्ती बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो स्वयं या लिखित तौर पर दिनांक 30—10—2025 तक इस अदालत में अपना उजर / एतराज पेश करें, अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी सम्बन्धित व्यक्ति को इस मुकद्दमा नाम दुरुस्ती बारे कोई उजर / एतराज न है तथा आवेदन—पत्र को अन्तिम रूप देकर नाम दुरुस्ती आदेश पारित किए जाएंगे।

